केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CICOM/A/2019/60019 दिनांक: 04.02.2019
संदर्भ संचिका सं. CICOM/R/2018/50973

अपीलकर्ता : श्री नवीन,
न्याय मंच (एन.जी.ओ.),
352ई/11ए, मुनिरका, जे.एन.यू. के सामने,
नई दिल्ली – 110067.

निर्णय की तारीख : 04.02.2019

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 23.12.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 21.01.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी का नाम | श्री एस. के. रब्बानी |
| ऑनलाइन प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 25.01.2019 |

1. अपीलकर्ता द्वारा ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से केन्द्रीय सूचना आयोग में कार्यरत केयर टेकर से संबंधित छः बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री एस. के. रब्बानी, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के बिंदु सं. 1 एवं 6 विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने के पश्चात संबंधित केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी श्री एस. के. रब्बानी को केयर टेकर के पद से संबंधित संचिका के साथ बुलाया गया । श्री एस. के. रब्बानी ने संबंधित संचिका में उपलब्ध दस्तावेज दिखाते हुए आर.टी.आई. आवेदन के बिंदु सं. 1 के संदर्भ में बताया कि केन्द्रीय सूचना आयोग में केयर टेकर का पद स्वीकृत नहीं है, बल्कि टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से केयर टेकर रखा गया है एवं बिंदु सं. 6 के संदर्भ में श्री रब्बानी ने बताया कि केन्द्रीय सूचना आयोग में केयर टेकर का पद स्वीकृत नहीं है, इसलिए केयर टेकर के पर पर नियमित नियुक्ति नहीं की जा सकती । **उक्त परिप्रेक्ष्य में श्री एस. के. रब्बानी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल तथ्यानुसार है एवं इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

04/02/19.